दिनांक 31.10.2018

स्वच्छ भारत अभियान   स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

निगम के समस्त जोन कार्यालय के अंतर्गत वार्डों में निरंतर मतदाता जागरूकता अभियान जारी

भिलाईनगर/ निगम क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न वार्डोंमें निगम के अधिकारी, कर्मचारी, आंगनबाड़ा कार्यकर्ता, मितानिन, स्वच्छता कमाण्डो, स्कुली के प्राचार्य, शिक्षक–शिक्षिकाएं, स्कुली छात्र–छात्राओं, समाजसेवी संगठन, के द्वारा नागरिकों में मतदान को लेकर जागरुकता लाने हेतु विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित कर मतदाता जन जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। निगम प्रशासन ऐसे मतदान केन्द्र जहां मतदान का प्रतिशत कम रहा है ऐसे मतदान केन्द्रो पर विशेष रुप से नुक्कड़ सभाएं रंगोली, भाषण प्रतियोगिता, रैली के माध्यम से नागरिकों में शत्–प्रतिशत मतदान हो इसके लिए सभी जोन अंतर्गत अभियान चलाया जा रहा है।

निगम भिलाई क्षेत्र के अंतर्गत मतदाता जागरूकता अभियान का लगातार निगम आयुक्त श्री सुन्दरानी के मार्गदर्शन में लगातार प्रतिदिन जन जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है इसी कड़ी में जोन 01, 02, 03, 04, 05 एवं 06 के विभिन्न वार्डोंमें रैलियां निकाली गई तथा नागरिकों से अपील की गई कि वे अपने मताधिकार का उपयोग अवश्य करें। रैली के दौरान पहले बार अपने मतदान का उपयोग करने वाले 18 वर्ष के उम्र के छात्र–छात्राओं में विशेष रुप से उत्साह पाया गया तथा उनके द्वारा भी रैलियों में शामिल होकर जन जागरुकता अभियान में अपनी सहभागिता दी।

निगम आयुक्त श्री सुंदरानी के द्वारा प्रतिदिन निगम क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में चलाये जा रहे मतदाता जन जागरुकता अभियान का निरीक्षण करते हुए कार्यक्रम से जुड़े समस्त अधिकारी, कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिये जा रहें है। तथा स्वयं भी रैलियों में उपस्थित होकर नागरिकों को अपने मताधिकार का उपयोग अवश्य करने हेतु प्रेरित कर रहें है निगम आयुक्त श्री सुंदरानी ने लोगो से अपील की वे अपने अपने बुथ में जाकर अवश्य मतदान करें निगम प्रशासन का यह प्रयास है कि ऐसे क्षेत्र जहां पर मतदान का प्रतिशत कम रहा है ऐसे मतदान केन्द्र पर जन जागरूकता के माध्यम से अधिक से अधिक मतदान हो ऐसा प्रयास हम सब को मिल जुलकर करना है। प्रत्येक व्यक्ति को अपना मत देने का स्वतंत्र रूप से अधिकार है बिना किसी के दबाव एवं प्रलोभन के आप अपना मतदान करें। इसके लिए जन जागरूकता अभियान चलाई जा रही है। इसमें आप लोग भी अपना सहयोग प्रदान करें।

जनसम्पर्क अधिकारी